(क) क्या सरकार का ध्यान 25 दिसम्बर, 1996 के "दि इकनोमिक्स टाइम्स" में' हायर वैरीएशन इन डब्ल्यू पी0आई0 ऑफ बेसिक फूडस" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि देश में आम आदमी के प्रतिदिन उपयोग में आने वाली वस्तुओं जैसे गेहूं, चना, नारियल का तेल, आलू और आटा की कीमतों में दिसम्बर, 1993-94, दिसम्बर, 1994-95 और दिसम्बर, 1995-96 में निरन्तर वृध्दि हुई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम0 पी0 वीरेन्द्र कुमार) (क) जी, हां।

(ख) वर्ष 1993-94 से 1996-97 तक की चार वर्षो की अवधि के लिए दिसम्बर के अंत तक विनिर्दिष्ट खाध मदों के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू0पी0आई0) द्वारा मापित मूल्य वृध्दि की मात्रा नीचे सूचीबध्द है :-

थोक मूल्य सूचकांक में वार्षिक वृध्दि

(दिसम्बर अंत के अनुसार)

मदें	प्रतिशत वृध्दि			
	1993	1994	1995	1996
गेहूं	13.1	9.7	-1.6	31.3
चना	74.7	-10.3	-38.3	47.3
नारियल का तेल	26.7	12.1	0.3	46.8
आलू	58.2	-15.3	7.4	80.9
आटा	5.8	6.4	3.5	43.3

उक्त पांच वस्तुओं, जिन्होंने दिसम्बर, 1996 में उच्च वार्षिक मूल्य वृध्दि दर्ज की है, की तुलना में अन्य प्राथमिक वस्तुओं ने या तो गिरावट दर्ज की है या उनमें काफी कम वृध्दि हुई है जैसे चावल (13 प्रतिशत), अरहर(-1.3 प्रतिशत), प्याज(-215.5 प्रतिशत), चाय (-4.3 प्रतिशत), सरसों का तेल(-7.9 प्रतिशत), मूंगफली का तेल (-3.4 प्रतिशत), वनस्पति (-2.6 प्रतिशत), बाजरा(3.9 प्रतिशत), उड़द(11.5 प्रतिशत), दूध(2.9 प्रतिशत) और चीनी (1.2 प्रतिशत)।

करेंसी नोटो की कमी के संबंध में प्रकाशित समाचार

1064. **श्री राम जेठमलानी** ; क्या वित्त मंत्री यह बताने के कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 21 जनवरी, 1997 के "इंडियन एक्सप्रेस" में "प्रिमियम ओन फ्रेश मंडलस गेनिंग करेंसी इन सिटी" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच हैं कि देश में छोटी कागजी करेंसी की उपलब्धता में भारी कमी होने के कारण छोटी करेंसी के नए नोट काले बाजार में उपलब्ध है;

(ग) यदि नही, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) जून, 1996 से लेकर अब तक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक महीने में, 1,2 और 5 रुपए के नए करेंसी नोटा औसतन कुल कितने मूल्य के जारी किए गए?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम0पी0 वीरेन्द्र कुमार) : (क) जी, हां।

(ख) सरकार को निम्न मूल्यवर्ग के नए नोटो के लिए अदा किए जा रहे किसी प्रीमियम के बारे में जानकारी नही है।

(ग) और (घ) सरकारी नीति के अनुसार, 1 रुपए, 2 रुपए और 5 रुपए के निम्न मूल्यवर्ग के नोटों का सिक्काकरण कर दिया गया है। तदनुसार, नोट प्रिटिंग प्रेसों ने क्रमशः सितम्बर, 1994, जनवरी 1995 और नवम्बर, 1995 से इन मूल्यवर्गो के नोटो की छपाई बंद कर दी है।

Directive Regarding Reservation to SC/ ST Employees in Punjab and Sind Bank

1065. DR. RANBIR SINGH:

SHRI RAM NATH KOVIND: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether some directives have been issued to the management of Punjab and Sind Bank to provide reservation for SC/ST employees against promotion given to 48 officers from JMGS-I to MMGS-II in 1994 under normal channel of promotion policy;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether the provisions of said directives have since been implemented; and

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M.P. VEERENDRA KUMAR): (a) to (d) It is reported by the Punjab & Sind Bank, that High Court of Punjab & Haryana, in a Judgement dated 22.12.95 issued direction to the Bank to provide reservations for SC/ST employees as